# उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम

स्थान: नगला उम्मेद

दिनांक: 11 मई 2026

उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत 11 मई 2026 को ग्राम नगला उम्मेद में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित एवं स्वच्छ ग्राम का निर्माण, ग्रामीणों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा सतत विकास के प्रति समाज को प्रेरित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महावीर सिंह छोंकर के प्रेरणादायी संबोधन से हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि उन्नत भारत अभियान का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों को ग्रामीण विकास से जोड़ना तथा गाँवों की सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ भविष्य की आधारशिला भी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अधिकाधिक पौधे लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने क संकल्प लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के कार्यक्रम अधिकारी तथा अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में NSS के स्वयंसेवकों एवं NCC कैडेटों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। स्वयंसेवकों ने ग्राम के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया तथा ग्रामीणों को पौधे वितरित कर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को वृक्षों के महत्व, जल संरक्षण, स्वच्छता, जैव विविधता एवं जलवायु परिवर्तन जैसी समसामयिक पर्यावरणीय चुनौतियों के बारे में जागरूक किया। ग्रामीणों ने भी इस अभियान में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए लगाए गए पौधों की देखभाल करने तथा भविष्य में अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम उन्नत भारत अभियान की भावना के अनुरूप महाविद्यालय एवं ग्रामीण समुदाय के मध्य सहयोग और सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों ने सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण तथा ग्राम विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा "एक विद्यार्थी–एक वृक्ष", "हरित ग्राम–समृद्ध ग्राम" तथा "वृक्ष लगाएँ पर्यावरण बचाएँ" का सामूहिक संकल्प लेकर किया गया। अंत में कार्यक्रम अधिकारियों ने सभी अतिथियों, ग्रामीणों, NSS स्वयंसेवकों, NCC कैडेटों एवं उपस्थित शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए वृक्षारोपण अभियान को निरंतर जारी रखने क संदेश दिया।

Coordinator
UBA
Seth P C. Bagla (P.G.) College
Hathras 204101


उन्नत भारत अभियान
ग्राम स्वराज और आत्मनिर्भरता की ओर
जल संरक्षण
एवं पर्यावरण
डिजिटल
साक्षरता


उन्नत भारत अभियान
ग्राम स्वराज और
निर्भरता की ओर
डिजिटल साक्षरता

